<u>संदेश</u>

क्रिसमस के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से ईसाई भाईयों और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

ईसा मसीह के जन्म दिवस पर मनाया जाने वाला क्रिसमस का त्योहार हमें प्रेम और करुणा का संदेश देता है। यह पर्व हमें मानवता की नि:स्वार्थ सेवा करने के लिए भी प्रेरित करता है। विश्व में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ईसा मसीह की शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी।

आइए, इस पावन पर्व पर हम प्रत्येक व्यक्ति में दया और करुणा की ज्योति जलाएं और ईसा मसीह की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं।

******